# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 01-10-2025 जनपद सिद्धार्थनगर

◆थाना खेसरहा मिशन शक्ति टीम द्वारा गुमशुदा बच्चे को 03 घण्टे के अन्दर तलाश कर उसके पिता को सुपुर्द किया गया।

आज दिनांक 01.09.2025 को जुनैद अहमद पुत्र भूलन निवासी ग्राम देवरी थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा मिशन शक्ति केंद्र थाना खेसरहा पर सूचना दी गयी कि मेरा पुत्र शोएब खान उम्र करीब 13 वर्ष कल रात में घर से कही चला गया है और मिल नही रहा है। डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा "महिला सशक्तिकरण, एंटी रोमियो व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी बांसी के कुशल पर्यवेक्षण में अनूप कुमार मिश्र थानाध्यक्ष खेसरहा के निर्देशन में आज दिनांक 01/10/2025 को थाना खेसरहा मिशन शक्ति टीम द्वारा द्वारा 03 घण्टे के अन्दर सकुशल बच्चे को बरामद कर उसके पिता जुनैद अहमद को सुपुर्द किया गया। मिशन शक्ति टीम की बच्चे के परिजनो द्वारा भूरि- भूरि प्रशंसा की गयी।

बरामद करने वाली मिशन शक्ति टीम का विवरण-

1.उ0नि0 जियउल्लाह खान थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थगर।

2.उ0नि0 चन्द्रिका मौर्या थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थगर।

3.मुख्य आरक्षी जालंधर प्रसाद थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थगर।

**प्रेस नोट दिनांक 01.10.2025 जनपद सिद्धार्थनगर।**

◆**मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा के क्रम में महिलाओं एवं बच्चियों को थाना कपिलवस्तु पुलिस मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम महदेवा कुर्मी में चौपाल लगाकर जागरुकता अभियान चलाया गया।**

डॉ. अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा "महिला सशक्तिकरण, एंटी रोमियो व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में व प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 01.10.2025 को विपिन प्रकाश सिंह थानाध्यक्ष कपिलवस्तु की उपस्थिति में ग्राम महदेवा कुर्मी में चौपाल लगाकर गांव की महिलाओ को जागरूक किया गया तथा कपिलवस्तु पार्क में मिशन शक्ति जागरूकता अभियान के तहत महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन *1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर क्राइम हेल्प लाइन के सम्बन्ध में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति पुलिस टीम-**

1.थानाध्यक्ष विपिन प्रकाश सिंह थाना कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर।

2.उ0नि0 सदरुल आलमीन प्रभारी मिशन शक्ति थाना कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर।

3.म0हे0का0 मनीषा शर्मा थाना कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर।

4.म0का0 चन्दा शर्मा थाना कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर।

प्रेस नोट दिनांक 01.10.2025 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा के क्रम में महिलाओं एवं बच्चियों को थाना जोगिया उदयपुर मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम सजनी टोला नंदाडीह में चौपाल लगाकर जागरुकता अभियान चलाया गया।

ड़ॉ. अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा "महिला सशक्तिकरण व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता, पिंक कोबरा (मिशन शक्ति) फेज 5.0 अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में व प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी बांसी के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 01.10.2025 को थाना प्रभारी प्रशिक्षु उपाधीक्षक रोहिनी यादव, मीरा चौहान थानाध्यक्ष जोगिया उदयपुर के निर्देशन में उप निरीक्षक कपिल मुनि यादव व का० प्रदीप उपाध्याय, म०का०पूजा यादव, म०हे०का० पूनम गुप्ता द्वारा फेज 5.0 सुरक्षा के सम्बन्ध मे ग्राम सजनी टोला नंदाडीह में छात्र छात्राओं को सुरक्षा के सम्बन्ध मे जागरूकता अभियान के तहत महिलाओ व बालिकाओं के साथ होने वाले अपराधों के प्रति तथा महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक किया गया तथा महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड लाइन के  सम्बन्ध में जानकारी दी गई। इसके  साथ-साथ छात्राओं को निर्भीक होकर शिक्षित एवम् सक्षम बनकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया यातायात नियमों के पालन के लिये निर्देशित किया गया।

प्रेस नोट दिनांक 01.10.2025 थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।

◆मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम के तहत महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो व शक्ति दीदी अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा के क्रम में महिलाओं एवं बच्चियों को थाना - पथरा बाजार पुलिस द्वारा जागरुकता किया गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा "महिला सशक्तिकरण ,एंटी रोमियो व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में व प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 01/10/2025 को थानाध्यक्ष अमित कुमार थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देशन में ग्राम बाभन पुरवा, कपियवा, पेडर, सिसवा, में नव दुर्गा पूजा समित पंडाल मंदिर में जाकर बच्चियों व महिलाओं को जागरूक किया गया। शक्ति दीदी  के तहत महिलाओं को जागरूकता अभियान  के तहत जागरूक किया गया, महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन *1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर क्राइम हेल्प लाइन के सम्वन्ध में जानकारी दी गई।

**प्रेस नोट दिनांक 01-10-2025 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**◆त्यौहार दुर्गा पूजा/दशहरा के दृष्टिगत, क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज द्वारा प्रभारी निरीक्षक डुमरियागंज मय पुलिस बल के साथ थाना डुमरियागंज क्षेत्र के विसर्जन स्थलों का भौतिक निरीक्षण किया गया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में बृजेश वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज द्वारा श्रीप्रकाश यादव प्रभारी निरीक्षक थाना डुमरियागंज मय फोर्स के साथ त्यौहार दशहरा/ दुर्गा पूजा के दृष्टिगत थाना डुमरियागंज क्षेत्र के स्थापित प्रतिमाओं के विसर्जन स्थलों का भौतिक निरीक्षण किया गया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।**

**प्रेस नोट दिनांक 01.10.2025 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**◆"आपरेशन कन्विक्शन" के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना उसका बाजार पुलिस की प्रभावी पैरवी से आर्म्स एक्ट के आरोपी को जेल में बितायी गयी अवधि तक की सजा व ₹1,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।**

पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे "आपरेशन कन्विक्शन" के क्रम में डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में आज दिनांक 01.10.2025 को वाद सं0 765/08 मु0अ0सं0-113/2008 धारा- 4/25 आर्म्स एक्ट थाना उसका बाजार मे पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायालय जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा अभियुक्त मनोज कुमार पथरकट्ट पुत्र लालचन्द्र निवासी महुरइवा थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर को जेल में बितायी गयी अवधि तक की सजा व ₹1000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अभियोजक अजय कुमार गौतम तथा न्यायालय पैरोकार आरक्षी मोनू सिंह थाना उसका बाजार का सराहनीय योगदान रहा।

**प्रेस नोट दिनांक 01.10.2025 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**◆मिशन शक्ति फेज-5.0 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण अभियान के क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा अपने-अपने थानाक्षेत्रों में महिलाओं/छात्राओं/बालिकाओं को किया गया जागरुक।**

**◆महिलाओं/बालिकाओं को विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नम्बरों, शासन द्वारा महिला चौपाल लगाकर संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, महिला हेल्प डेस्क व कानूनी प्रावधानों की जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित कर किया जा रहा सशक्त।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा "महिला सशक्तिकरण व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता हेतु मिशन शक्ति फेज-05 अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में व प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 01.10.2025 को मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत जनपद के थानो पर नियुक्त महिला बीट पुलिस अधिकारी/शक्ति दीदी द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र की महिलाओं/ बालिकाओं को सुरक्षा के सम्बन्ध में बताया गया तथा महिलाओं व बच्चों के साथ होने वाले अपराधों के प्रति तथा महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु शारदीय नवरात्रि त्यौहार के दृष्टिगत मन्दिरों, धार्मिक स्थलों व सार्वजनिक स्थलों पर महिला पुलिस बल की ड्युटी लगाई गई है। शारदिय नवरात्रि के शुभारम्भ के अवसर पर मन्दिरों, धार्मिक स्थलों व सार्वजनिक स्थलों पर महिला चौपाल लगाकर महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड लाइन के सम्बन्ध में जानकारी दी गई तथा एण्टी रोमियों स्क्वाड द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ-साथ छात्राओं को निर्भीक होकर शिक्षित एवम् सक्षम बनकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।

**प्रेस नोट दिनांक 01.10.2025 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**◆मिशन शक्ति फेज-5.0 कार्यक्रम के तहत महिला सशक्तिकरण अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी इटवा द्वारा इटवा मय मिशन शक्ति पुलिस टीम के साथ तहसील इटवा परिसर में नवरात्र के नवमी के अवसर पर कन्या पूजन व कन्या भोज का आयोजन किया गया तथा उनके सुरक्षा से जुड़ी बातें मिशन शक्ति टीम द्वारा बताया गया**

**आज दिनाँक 01/10/2025 उपजिलाधिकारी इटवा कुणाल सिंह व क्षेत्राधिकारी इटवा शुबेन्दु सिंह द्वारा प्रभारी निरीक्षक इटवा श्याम सुंदर तिवारी मय मिशन शक्ति पुलिस टीम के साथ इटवा तहसील परिसर में नवरात्र के नवमी के अवसर पर कन्या पूजन व कन्या भोज में छोटी छोटी कन्याओं का विधि विधान से पूजन कर उन्हें भोजन कराया गया तथा उनके सुरक्षा के सम्बन्ध में बताया गया तथा महिलाओं व बच्चियो के साथ होने वाले अपराधों के प्रति जानकारी देकर महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक किया गया।**